पिछले तीन वर्षों के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र मिलों का उत्पादन संबंधी विवरण निम्न प्रकार है :-

(मी0 टन में)

मिल का नाम	अधिष्ठापित क्षमता	1991-92	1992-93	1993-94 (15-2-94 तक)
नेपा लि0	88,000	76,000 (86.37)	74,946 (85.17)	57,131 (64.93)
मैसूर पेपर मिल्स	75,000	83,500 (111.34)	78,249 (104.34)	77,403 (103.21)
हिन्दुस्तान न्यूज प्रिंट लिमिटेड	80,000	88,000 (110.00)	97,431 (121.79)	86,314 (107.90)
तमिलनाडु न्यूज प्रिंट तथा पेपर लिमिटेड	50,000	38,500 (77.00)	40,477 (80.96)	31,107 (62.22)

प्रेस इन्फारमेशन ब्यूरो के कार्यालयों में उर्दू पदों का भरा जाना

2704. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री 14 दिसम्बर, 1993 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न सं. 1513 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रेस इन्फारमेशन ब्यूरो के कार्यालय में ग्यारह उर्दू पदों को भरा जा चुका है ; और

(ख) यदि नहीं, तो उन्हें कब तक भरा जायेगा ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के **राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव)** : (क) जी, नहीं।

(ख) हालांकि इन पदों को भरने संबंधी कार्यवाही चल रही है तथापि इस संबंध में कोई विशिष्ट समय-सीमा इंगित कर पाना संभव नहीं है जो कि नियुक्ति एजेंसी द्वारा अनुशंसित अभ्यार्थियों के पैनल की प्राप्ति और उसके बाद नियुक्ति-पूर्व औपचारिकताओं को पूरा किए जाने जैसे कारकों पर निर्भर है।

UPSC advertisements in newspapers given through DAVP

2705. **SHRI MOHAMMED AFZAL alias MEEM AFZAL**: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) the number of newspapers to which advertisements of the Union Public Service Commission were given through DAVP till 31st December, 1993; and

(b) what are the names of newspapers in this regard, language-wise?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO): (a) As on 31-12-93, there were 245 newspaprs on the UPSC media list which were issued UPSC advertisements.

(b) The information is given in the Annexure. (*See* Appendix 170, Annexure No. 59].